# नवनिर्मित अस्पताल भवन का लोकार्पण

**सिलवानी ।** विधानसभा मुख्यालय सिलवानी में आयोजित जन कल्याण शिविर एवं नव निर्मित सिविल अस्पताल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर अस्पताल भवन का फीता काटकर जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, जनपद पंचायत अध्यक्ष ठाकुर तरुवर सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।



अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का सौदा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने रायसेन में आयोजित कृषि मेले का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों और नवीन योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न कृषि एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी भी दी।

शिवराज सिंह चौहान ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि कैंसर पीड़ितों के उपचार के लिए विदिशा में जांच शिविर आयोजित किए गए तथा चिन्हित मरीजों को बेहतर उपचार के लिए भोपाल भेजा गया। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों को भी विस्तार से गिनाया।

कार्यक्रम को पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिह राजपूत ने भी संबोधित किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि सिलवानी क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं और नव निर्मित सिविल अस्पताल भवन इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं तथा यह अस्पताल क्षेत्र की वर्षों पुरानी आवश्यकता को पूरा करेगा। राजपूत ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने नागरिकों से योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने और विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

## राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**बैतूल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के 18 जून को जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मिलानपुर हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक मार्ग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंचकर मंच व्यवस्था, ग्रीन रूम, बैठक व्यवस्था तथा कार्यक्रम की समग्र रूपरेखा की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को समय-सीमा में व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में केवल पासधारी व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए निर्धारित प्रवेश व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## सच संक्षेप

### रोजगार मेला 18 को

**बैतूल।** युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। ट्राइडेंट बुधनी कंपनी द्वारा 18 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में महिला एवं पुरुष दोनों उम्मीदवार भाग ले सकेंगे। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले के लिए सामान्य अभ्यर्थियों की आयु 18 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुभवी उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष रखी गई है। अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा अथवा स्नातक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी 18 जून 2026 को प्रात: 10 बजे शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई गोविंदपुरा, भोपाल में अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### समस्या का हुआ समाधान

**बैतूल।** वितरण केंद्र आमला ग्रामीण अंतर्गत ग्राम तिरमहू में विद्युत विभाग द्वारा लंबे समय से चली आ रही विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान जनकल्याण शिविर के दौरान किया गया। विभाग द्वारा गांव में विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाने के लिए विभिन्न सुधार कार्य किए गए। ग्राम में 11 केवी लाइन के 10 तथा एलटी लाइन के 73 नए सीमेंट पोल स्थापित किए गए। साथ ही झूलती हुई एलटी लाइनों को कसकर मानक ऊंचाई पर किया गया। खेतों में स्थित दो तिरछे डीटीआर/डीपी को सीधा कर उनके स्ट्रक्चर को मजबूत बनाया गया, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हुई। किसानों की व्यक्तिगत समस्याओं का भी निराकरण किया गया। श्री रघुनाथ पूरन के खेत में नीचे झूलते तारों को सुरक्षित करने के लिए 5 पोल लगाए गए। श्री मनोज ठाकरे के खेत में 11 केवी लाइन को सुरक्षित ऊंचाई पर करने के लिए 2 नए पोल स्थापित किए गए। वहीं श्री तरुण पंडाग्रे के खेत में तिरछे डीटीआर/डीपी को सीधा किया गया।

### ट्रेन से गिरकर मौत

शाजापुर। जिले के बेरछा थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक युवक की भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। युवक किसी काम से उज्जैन जा रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार आष्टा क्षेत्र के ग्राम मुढ़लाय निवासी राहुल रविवार शाम शुजालपुर से ट्रेन में सवार होकर उज्जैन के लिए रवाना हुआ था। ट्रेन जब बेरछा स्टेशन के समीप पहुंची तभी राहुल अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह मुंह के बल गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बेरछा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद पंचनामा कार्रवाई की और शव को देर रात जिला अस्पताल शाजापुर भेजा।

### टक्कर में आधा दर्जन घायल

शिवपुरी। जिले के लुकवासा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से तीन की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, खोड़ गांव के निवासी विमल आदिवासी (30), अरशान खान (11), जमेदा (52), सफी खान (65), रानो खान (60) और सवाना खान (45) सहित कुल सात लोग म्याना (गुना) में एक शादी समारोह में शामिल होकर ईको कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दैहरदा रोड पर उनकी कार को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर मारने वाला वाहन सूरत से मुजफ्फरनगर जा रहा एक पार्सल कूरियर का ट्रक बताया जा रहा है

### पौधारोपण

**सिलवानी ।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नगर आगमन के दौरान नगर परिषद द्वारा लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित अमृत पार्क का लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित किया। उन्होंने फीता काटकर पार्क का शुभारंभ किया तथा परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋषिकांत यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने ली बैठक

शिवपुरी-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिछोर श्रीमती ममता शाक्य ने सोमवार को नवीन एसडीएम कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, महाविद्यालय प्राचार्य केशव सिंह जाटव, बीएमओ डॉ. संजीव सांडे, सीडीपीओ अरविंद तिवारी, बीईओ विनोद गुप्ता, बीआरसीसी सुरेश गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य विजयराम लोधी, दिनेश लोधी, योग प्रभारी राहुल देव पुरोहित, पवन पाठक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम श्रीमती शाक्य ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने की अपील की।

## हर पात्र हितग्राही को दिया जाए लाभ



**कटनी** / शासन की चिन्हित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने हेतु आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ नगर निगम कार्यालय परिसर में खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा, महापौर प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त तपस्या परिहार की भी मौजूदगी रही। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णु दत्त शर्मा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है तथा इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने अपने उद्बोधन में सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

## मत्स्याखेट पर रोक

**बैतूल।** मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक बंद ऋतु घोषित की गई है। इस अवधि के दौरान नदियों एवं जलाशयों में मछली पकड़ना, मछलियों का परिवहन, क्रय-विक्रय एवं अन्य संबंधित गतिविधियों पर प्रभावी प्रतिबंध रहेगा। मछली पालन विभाग के अनुसार सभी नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। बंद ऋतु का उद्देश्य मछलियों के प्रजनन एवं मत्स्य संपदा के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। इस दौरान अवैध रूप से मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल ही परोस रहा बीमारियां

**शाजापुर।** जिला अस्पताल के दवा वितरण केंद्र के बाहर गंदा पानी जमा होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिसर में फैली गंदगी के कारण बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों पर सवाल उठ रहे हैं।

एक ओर जहां जिला प्रशासन मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल परिसर में ही गंदे पानी का जमाव मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है। दवा वितरण केंद्र के बाहर पानी भरे रहने से आसपास का वातावरण दूषित हो गया है और तेज बदबू फैल रही है। हालात ये है कि लोगों का परिसर में खड़ा रहना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि एक तरफ गंदे पानी की बदबू और दूसरी ओर मच्छरों का प्रकोप जिससे लोगों का बुरा हाल हो रहा है। जिला अस्पताल में दवा लेने आए एक मरीज ने बताया कि यहां काफी बदबू आ रही है। उन्होंने तत्काल साफ-सफाई कराने की मांग की, ताकि मरीजों को असुविधा न हो। युवक के अनुसार लोग बीमारी का इलाज कराने आते हैं, लेकिन ऐसी गंदगी से उन्हें नई बीमारियों का खतरा हो सकता है। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. बी.एस. मैना ने जानकारी दी कि कर्मचारियों को सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक पाइप टूट जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। डॉ. मैना ने आश्वासन दिया कि पाइप की मरम्मत कराकर जल्द ही पानी की निकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## बदमाशों की धरपकड़ के लिए कांबिंग गश्त

**शाजापुर।** पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने रातभर कॉबिंग गश्त की और अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया।
इसका उद्देश्य जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसना था। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व में जिलेभर के राजपत्रित अधिकारियों और थाना स्तर के 300 से अधिक पुलिसकर्मियों ने इसमें भाग लिया।अभियान शुरू होने से पहले पुलिस अधीक्षक ने सभी टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस की अलग-अलग टीमें जिले के कई थाना क्षेत्रों में सि य हुईं। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी रातभर भ्रमण कर अभियान की निगरानी की। काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 47 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। साथ ही 78 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 हजार रुपए के एक इनामी वारंटी को भी पकड़ा गया। पुलिस ने इस दौरान 12 जिला बदर अपराधियों का सत्यापन किया। इसके अलावा 73 गुंडा-बदमाशों और 104 निगरानीशुदा बदमाशों की भी जांच-पड़ताल की गई। आबकारी एक्ट के तहत पांच प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने 35 होटल, लॉज, ढाबों और धर्मशालाओं की सघन जांच की। बैंक, एटीएम और अन्य संवेदनशील स्थलों पर भी विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस टीमों ने सि य अपराधियों, जेल से रिहा हुए बदमाशों और संदिग्ध व्यक्ति यों के घरों व संभावित ठिकानों पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी भी दी गई। यही नहीं पुलिस द्वारा इनकी आगामी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। एसपी यशपालसिंह राजपूत ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा हुजूम सैकड़ों ने अर्पित की पुष्पांजलि

**बक्तरा।** अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान के पिताश्री बैनीसिंह पटेल मुकद्दम का विगत दिनों निधन हो गया। उनके निधन पर बक्तरा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही राजस्थान और महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।सभा में राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम धाकड़, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक रमाकांत भार्गव, सुरजीत सिंह चौहान, महासभा के प्रदेश महामंत्री एड. तुलसीराम पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।



## योग अभियान का शुभारम्भ

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार अंतर्राष्टीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून 2026 तक जिले की समस्त जेलों में एक सप्ताह के प्रदेशव्यापी योग अभियान का शुभारम्भ आज सोमवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय जबलपुर तथा मुख्य संरक्षक, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर श्री विवेक रूसिया के करकमलों द्वारा केन्द्रीय जेल, जबलपुर से ऑनलाईन माध्यम से किया गया। सर्किल जेल शिवपुरी में योग अभियान का शुभारम्भ प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी श्रीमती रंजना चतुर्वेदी तथा अधीक्षक सर्किल जेल शिवपुरी रमेश चन्द्र आर्य सहित जेल के अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अभियान के प्रथम दिन सर्किल जेल शिवपुरी में निरूद्ध कैदियों सहित जेल विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं अनुशासित कर्मचारीगण द्वारा अत्यंत उत्साह एवं ऊर्जा के साथ बढ़-चढ़कर सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी द्वारा सहभागियों को नियमित योग करने के वैज्ञानिक महत्व, मानसिक तनाव से मुक्ति तथा एकाग्रता बढ़ाने के उपायों पर जानकारी प्रदान की गई।

## ध्यान केन्द्र में प्रशिक्षण संपन्न

बैतूल। हार्टफुलनेस ध्यान एक सरल ध्यान पद्धति है जिसमें व्यक्ति अपने हृदय पर ध्यान केंद्रित करता है और भीतर की शांति को अनुभव करने का प्रयास करता है। पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच बैतूल के अध्यक्ष कैप्टन एलआर पवार साहब के संरक्षण में एवं हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र के प्रशिक्षक विनोद जैसवाल के मार्गदर्शन में ध्यान का प्रशिक्षण किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक विनोद जैसवाल ने बताया कि ध्यान से मन की शांति, तनाव में कमी, बेहतर एकाग्रता, भावनात्मक संतुलन, आत्म-जागरूकता में वृद्धि होती है। ध्यान केन्द्र में सभी प्रतिभागी वरिष्ठ जनों ने निरंतर ध्यान करने का संकल्प लिया। संरक्षक बाबू लाल कालभोर उपाध्यक्ष सोजर लाल गोहिते सचिव अविनाश देशमुख, सूरतलाल ओमकार आदि मौजूद थे।

## जनकल्याण शिविर में उमड़े हितग्राही

**बनखेड़ी।** अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को नगर परिषद कार्यालय बनखेड़ी में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त किए गए तथा हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष, समस्त पार्षदों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में नगरीय प्रशासन विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाएं, ऋण योजनाएं तथा अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए गए। इसके अलावा विद्युत, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए।

बड़ी संख्या में पहुंचे हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए, वहीं पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन कार्य भी किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए थे, जहां नागरिकों को योजनाओं संबंधी जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव, शिविर नोडल अधिकारी राजेश कुमार उरहा, अरविंद कुमार सराठे,। नगर परिषद द्वारा बताया गया कि यह शिविर 16 जून 2026 को पुन: नगर परिषद प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जबकि 18 जून 2026 को जनपद पंचायत भवन परिसर में सामूहिक रूप से जनकल्याण शिविर लगाया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष ने अपील की है कि लोग पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करें।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**शिवपुरी-** समाजसेवा के लिए समर्पित रही दिवंगत श्रीमती किरण गुप्ता की स्मृति को संजोते हुए वर्ष भर में करीब 4 बार रक्तदान शिविर का आयोजन उनकी स्मृति में किरण फाउण्डेशन के द्वारा लगाया जाता है ताकि जरूरतमंदों को जिला चिकित्सालय व मेडीकल कॉलेज में आसानी से रक्त उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में गत दिवस स्थानीय होटल शगुन वाटिका प्रांगण में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर संस्था के 15वें रक्तदान शिविर में 41 यूनिट रक्तदान हुआ और इस तरह वर्ष भर में अब तक 514 यूनिट रक्तदान किरण फाउण्डेशन के द्वारा जिला चिकित्सालय एवं मेडीकल कॉलेज को प्रदान किया जा चुका है। शिवपुरी में आयोजित संस्था के 15वें विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने भारी उत्साह दिखाते हुए कुल 41 यूनिट रक्तदान किया।

## पंप संचालकों ने केन में डीजल देने छूट मांगी

**शाजापुर।** जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों को डीजल मिलने में हो रही दिक्कतों को लेकर शाजापुर पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा है। सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने केन और कुप्पी में डीजल देने की मंजूरी मांगी गई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम गिरी ने बताया कि मौजूदा सरकारी नियमों के अनुसार पेट्रोल पंपों से खुले में यानी केन, ड्रम या कुप्पी में डीजल देने पर पूरी तरह रोक है। इस नियम की वजह से खेतों में काम करने वाले किसानों और पेट्रोल पंप मालिकों दोनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अनेक किसान अपने खेतों में इस्तेमाल होने वाले अलग-अलग कृषि यंत्रों और मशीनों के लिए डीजल लेने पंपों पर आते हैं, लेकिन नियमों की मजबूरी के कारण पंप संचालक उन्हें ईंधन नहीं दे पाते। इस वजह से आए दिन पेट्रोल पंपों पर किसानों और स्टाफ के बीच बहस और विवाद के हालात बन रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि जिले के खेतों में बखरनी और बोवनी का काम शुरू हो चुका है। खेती-किसानी के लिहाज से यह साल का सबसे महत्वपूर्ण समय है, इसलिए किसानों को बिना किसी रुकावट के समय पर डीजल मिलना बेहद जरूरी है। एसोसिएशन ने कलेक्टर से मांग की है कि जिले के अन्नदाताओं को राहत देने के लिए इस बोवनी के सीजन में अस्थायी तौर पर केन में डीजल देने की छूट दी जाए। इसके साथ ही, एसोसिएशन ने मांग की है कि इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस जैसी बड़ी तेल कंपनियों को शाजापुर जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई बनाए रखने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आने वाले दिनों में जिले के किसी भी हिस्से में ईंधन की कोई किल्लत पैदा न हो।

## अवैध उत्खनन में लगे वाहन जप्त

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को जरिए मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि दो ट्रैक्टर ट्रोली अबैध बजरी भरे झंडा व गदाई के बीच में आम रोड पर खडे है। मुखबिर की सूचना से मुखविर के बताये स्थान झंडा व गदाई के बीच में आम रोड पर पहुंचे तो 02 ट्रैक्टर ट्रोली बोडी से ऊपर तक ओवर लोड बजरी भरे खडे मिले जिनके चालक नहीं थे, ट्रैक्टरों के चालको की तलाश की जो नही मिले। मौके पर से एक ट्रैक्टर स्वराज लाल रंग का 855 विना नम्बर कामय ट्रोली जिसमें ओवर लोड़ बजरी (रैत) भरी है एंव दूसरा ट्रैक्टर नीले रंग का विना नम्बर न्यू होलेंड कम्पनी का 3630 है ट्रोली में बोडी से ऊपर तक तीन लकडी के पटिया लगाकर ओवर लोड बजरी (रैत) के विधिवत जप्त किया गया दोनो वाहनों एवं वाहन स्वामियों के विरूद्ध खनिज अधि. के तहत वैधानिक कार्यवाही कर प्रकरण खनिज विभाग शिवपुरी के लिए भेजा गया है।
प्रकरण में आरोपीगण की तलाश जारी है। इस कायर्सवाही में करैरा निरी.वनोद छावई, सउनि चरणसिंह, आर. सोनू श्रीवास्तव आर. रामअवतार गुर्जर थाना करैरा की मुख्य भूमिका रही।

## युवा कांग्रेस ने फूंका चुनाव आयुक्त का पुतला

**बैतूल।** कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में सोमवार को जिला युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लल्ली चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार कर आग बुझाने और प्रदर्शन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता अपने विरोध पर डटे रहे। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय सरदार यादव ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन जैसी वरिष्ठ और ईमानदार नेत्री का राज्यसभा नामांकन कथित रूप से तकनीकी आधारों पर निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक निष्पक्षता खो चुका है और भाजपा सरकार के दबाव में कार्य कर रहा है। उनका कहना था कि विपक्ष की आवाज को दबाने और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को कमजोर करने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई की गई है। युवा कांग्रेस नेताओं संजय सरदार यादव और प्रीतेश गंगारे ने संयुक्त रूप से कहा कि निर्वाचन आयोग अब स्वतंत्र संस्था की बजाय भाजपा के कठपुतली विभाग की तरह कार्य करता दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष की बढ़ती राजनीतिक ताकत से घबराकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। युवा कांग्रेस संगठन प्रभारी लवलेश बब्बा राठौर और प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह इवने ने भी निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए।

पश्चिम मध्य रेल
रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)
पत्रांक: भो/एच/ईओआई/पैथोलाजी/2026, दिनांक 11/06/2026
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मंडल रेल चिकित्सालय निशातपुरा/भोपाल के भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये इच्छुक उप मंडल रेल चिकित्सालय बीना के मरीजों के लिये पैथोलाली जाँच सीजीएचएस दरों पर ईओआई (अभिव्यक्ति की रूचि) आमंत्रित किये जाते है। **कार्य का विवरण:** उप मंडल रेल चिकित्सालय बीना के मरीजों के लिये सीजीएचएस दरों पर पैथोलोजी जांच केद्रो से पैथोलोजी जांच हेतु रूचि की अभिव्यक्ति EOI आंमत्रित किये जाते है।, **कार्य की अवधि:** 02 वर्ष (कार्य प्रारंभ होने की तिथि से) EOI जमा एवं खुलने की दिनांक एवं समय: EOI जमा करने का दिनांक 02.07.2026 समय 13:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:30 बजे। नियम एवं शर्ते उपलब्ध है:- 1-किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मंडल रेल चिकित्सालय निशातपुरा/भोपाल के कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। फोन नं. 0755-2746959, 02 रेल्वे की वेबसाईट **http://wcr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त एवं डाउन लोड की जा सकती है।
मुख्य चिकित्सा अधी., पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर